**श्रीमती उषा सजीव नायर**

श्रीमती उषा सजीव नायर, **48** वर्ष, कला स्नातक की डिग्री रखती हैं। ये दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में अपना खुद का व्यवसाय चलाने वाली एक महिला उद्यमी हैं। इसके अलावा, ये जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। ये महिलाओं के मुद्दों को उठाने, वृद्धों और बेघर लोगों और अनाथों की सहायता करने में भी लगी हुई हैं।

ये तीन साल की अवधि के लिए पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक थीं। निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इन्होंने सीएसआर एंड एसडी समिति के सदस्य और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति और शेयरधारक तथा निवेशक शिकायत समिति के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है।